**MERI MAATI MERA DESH** **Dated 09 Aug 2023**

The NSS UNIT of GDC Nirmand, Dist. Kullu (HP) participated in" **MERI MAATI MERA DESH(MMMD)" abhiyan on 09 Aug 2023.** It is celebrated to commemorate 75 years of India's Independence and glorious history of its people, culture and achievements. In this event NSS volunteers planted 75 sapling of Indigenous species (DEODAR) in local areas Around 20 students actively participated in the event.

# NSS इकाई ने किया वृक्षा रोपण



[illegible]

## निरमंड कालेज के स्वयंसेवियों ने 75 पौधे रोपे




निरमंड। राजकीय महाविद्यालय निरमंड मे कार्यकारीप्राचार्य कप्तान संदीप ठाकुर की अध्यक्षता मे एनएसएस इकाई राजकीय महाविद्यालय निरमंड ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान में एनएसएस के प्रोग्राम अफसर राहुल शर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत देवदार के 75 पौधे रोपे। इस अभियान में एनसीसी के कैडेट्स ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। इस पौधारोपण अभियान में एनएसएस के छात्रों मे किरण, आशीष, अदिति ठाकुर, संजीता मेहता, प्रणव, सुरजीत, निकिता, प्रीति, सरोज, नेहा बिष्ट इत्यादि छात्रों ने विशेष रूप से भाग लिया तथा साथ में एनसीसी के सुविधि, निरमा, संजय भारती, स्नेह लता, निकिता एवं गरिमा आदि ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।

News Media Link

https://link.public.app/6gTmc?utm_medium=android&utm_source=share

Programme Officer NSS
GDC Nirmand ,Kullu

Principal
GDC Nirmand,Kullu

Principal
Govt. Degree College Nirmand
Nirmand Distt. Kullu H.P.

# NSS ONE DAY CAMP

## CAMPUS BEAUTIFICATION

26 AUG 2023

आज दिनांक 26 अगस्त 2023 को एन एस एस के प्रोग्राम अफसर श्री राहुल शर्मा की अध्यक्षता में एँन एस एस इकाई राजकीय महाविद्यालय निरमंड ने एन एस एस के एक दिवसीय प्रोग्राम के तहत कैंपस सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। इस अभियान में एन एस एस के प्रोग्राम अफसर श्री राहुल शर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस अभियान से पहले प्रथम वर्ष से अदिति ठाकुर और प्रणव को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गयी। कैंपस सौंदर्यीकरण के इस अभियान में सभी छात्रों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस एक दिवसीय अभियान में कैंपस की सफाई की गयी। छात्रों के साथ साथ सभी शिक्षकों ने भी पूरा सहयोग दिया। इस अवसर पर श्री सुरेंदर धीमान , श्री राजेश , डॉ मदन और श्री रोशन लाल भी मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। तथा इस एक दिवसीय प्रोग्राम को सफल बनाया. इस अभियान में ग्रुप लीडर प्रणव तथा ग्रुप लीडर अदिति ने सभी छात्रों का नेतृत्व किया। तथा अन्य छात्रों में सुरजीत ,किरण निरमा , मलिन, राहुल, संजीता , ज्योति ठाकुर, स्नेहा , देवेंदर, शिवानी, उत्तम , कनुज , पंकज , भूपेंदर , पृथ्वी, साक्षी, मधु इत्यादि ने प्रमुखता से भाग लिया।




News media link

https://link.public.app/uWB7y?utm_medium=android&utm_source=share

NSS PO
GDC Nirmand
Kullu

Principal Principal
Govt. Dg GDC Nirmand mand
Nirmand Kullu Kullu H.P.

NSS DAY GDC Nirmand

आज दिनांक 24 सितम्बर 2023 को प्रिंसिपल डॉ राजन देवी नेगी की अध्यक्षता में एँन एस एस इकाई राजकीय महाविद्यालय निरमंड ने एन एस एस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गयी इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजीत और संतोष ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर वनउज और पृथ्वी तथा तीसरे स्थान पर सुष्मिता और सुनिधि रही। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता में सरोज ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर आँचल और तीसरे स्थान पर अदितिका रही. निर्णायक मंडल में डॉ मदन , डॉ गौरव तथा प्रोफेसर सुरेंदर ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। एँन एस एस के प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर राहुल शर्मा ने मंच सञ्चालन किया। तथा एन एस एस के महत्त्व के बारे में सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किआ। इस कार्यक्रम में कैप्टन संदीप ठाकुर , प्रोफेसर राजेश तथा अधीक्षक श्री रोशन लाल भी मौजूद रहे। प्रिंसिपल डॉ राजन देवी नेगी ने सभी वालंटियर्स को प्रेरित किआ तथा शुभाशीर्वाद दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी वालंटियर्स ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। इसके बाद पुरे कॉलेज परिसर की सफाई की गयी। तथा कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाया गया इस कार्यक्रम में सभी अध्यापको व गैर अध्यापक वर्ग के सभी कर्मचारीओ ने भाग लिया। अभियान के बाद सभी छात्रों को जलपान भी कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संतोष व मंजीत विजेता











News Media Link
https://currentnewz.in/archives/30788


NSS
Programme Officer,
GDC Nirmand
Distt. Kullu H.P

Principal
GDC Nirmand
Principal
Govt. ...
Nirmand ... Kullu H.P.

One Day Special Camp : Swachhta Hi Sewa

आज दिनांक 27 सितम्बर 2023 को एन एस एस के प्रोग्राम अधिकारी राहुल शर्मा की अध्यक्षता में एॅन एस
एस इकाई राजकीय महाविद्यालय निरमंड ने एन एस एस के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का
मुख्य उद्देश्य कैंपस के कैंटीन एरिया की सफाई करना था ये अभियान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित
किआ गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस अभियान में एन एस एस
के वालंटियर्स ने भाग लिया तथा पुरे कॉलेज कैंटीन की सफाई की गयी। कैंटीन में पड़े कूड़े का निपटान किया गया। सभी
वालंटियर्स ने पूरी म्हणत से इस अभियान को सफल बनाया गया। इस अभियान में कॉलेज के अन्य सभी अध्यापको ने
साथ दिया. एन एस एस अधिकारी राहुल शर्मा ने सभी वालंटियर्स का मार्गदर्शन किआ तथा सभी वालंटियर्स ने पुरे
मेहनत के साथ काम किया और स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाया।



NSS PO
GDC Nirmand
Kullu

Principal
GDC Nirmand
Kullu

Principal
Govt. Degree College
Nirmand Distt. Kullu H.P.

फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन

आज दिनांक 07 अक्टूबर 2023 को एन एस एस के प्रोग्राम अधिकारी राहुल शर्मा की अध्यक्षता में ऍन एस एस इकाई राजकीय महाविद्यालय निरमंड ने एन एस एस के एक दिवसीय फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया जिसका थीम स्वच्छ भारत , स्वस्थ भारत था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का सन्देश देना था। ये रन कॉलेज कैंपस से शुरू हो कर कुरपन खड़ तक किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजन देवी नेगी ने हरी झंडी दिखाकर इस रन का श्रीगणेश किया। ये रन सुबह 11 बजे शुरू हुआ और 3 :30 बजे समाप्त हुआ। इस रन के दौरान रास्ते में आने वाले ग्रामीण लोगो की जीवन शैली को भी देखा और समझा। कुरपन खड़ पहुंचकर सभी छात्रों ने विश्राम किया और जलपान लिया। कुरपन खड़ की प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर सभी छात्र भावविभोर हुए। इस रन में करीब 40 छात्रों ने भाग लिया तथा सभी लोगो को स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सन्देश दिया। करीब 3:30 बजे सभी छात्र कॉलेज पहुंचे जहाँ कॉलेज प्रिंसिपल ने सबका स्वागत किया और सबको सुभाशीष दिया। इस प्रकार छात्रों ने इस रन को सफल बनाकर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।




Video Link
blob:https://web.whatsapp.com/92a95fe0-395b-4428-8679-ff96e17e9fec







NSS
Programme Officer
GC Nirmand

Programme Officer,
NSS GDC Nirmand
Distt. Kullu H.P

Principal
GC Nirmand

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

REPORT DAY 1

आज दिनाक 19 फरबरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड राष्ट्रिय योजना के विशिष्ट सप्तदिवसीय शिविर की शुरुआत की| जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया राजन देवी नेगी सम्मिलित हुई| उन्होंने दीप प्रज्वलित करके समारोह की सुरुआत की| राष्ट्रिय सेवा योजना के कार्यक्रम अदिकारी राहुल शर्मा ने स्वय सेवियों का मार्गदर्शन किया | प्राचार्य महोदया ने अपने वक्तव्य के दोरान उन समाज सेवियों को याद करते हुए जिनमे आना हजारे , मदर टेरेसा , केलाश सत्यार्थी को स्मरण करते हुए उनसे प्रेणना लेने को कहा| कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदयया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया | इस उपलक्षपर कॉलेज के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे| उसके बाद सभी स्वयम सेवी अद्यापक संग फूलो की क्यारियाँ बनाने चले गये | उसके बाद सभी विद्यार्थियों ने लंच किया | लंच करने के बाद सभी विद्यार्थी इकठे हुए और राष्ट्रिय स्वछता बनाए रखने की शपथ ली | इसी तरह शिविर के पहले दिन का समापन हुआ |

कार्यक्रम

महाविद्यालय की प्राचार्य राजन देवी नेगी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत, छात्रों को दिलाई राष्ट्रीय स्वच्छता बनाए रखने की शपथ

# निरमंड कालेज में एनएसएस शिविर का आगाज

निजी संवाददाता—निरमंड






राजकीय महाविद्यालय निरमंड में सोमवार को राष्ट्रिय सेवा योजना के अंतर्गत एक सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य राजन देवी नेगी ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरुआत की। राष्ट्रिय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल शर्मा ने इस दौरान स्वयं सेवियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य के दौरान प्रसिद्ध समाज सेवियों अन्ना हजारे, मदर टेरेसा, कैलाश सत्यार्थी को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम के अंत में कालेज की एनएसएस यूनिट ने प्राचार्य राजन नेगी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर कालेज के सभी प्राध्यापक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने प्राध्यापकों के साथ मिलकर फूलों की क्यारियां बनाईं, उसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने मिलकर लंच किया। दोपहर के भोजन करने के बाद सभी एनएसएस विद्यार्थियों ने इकठ्ठे होकर राष्ट्रीय स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ग्रहण की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी राहुल शर्मा ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत कई तरह के कार्यों को अमली जामा पहनाया जाएगा।

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

REPORT DAY 2

आज दिनाक 20 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का दूसरा दिन था | जिसमे महाविद्यालय के प्रध्यापक प्रो. सुरेंदर धीमान ने अपने अनुभवो को स्वयंसेवियों के साथ साझा किया | आज के इस कार्यक्रम में श्रीमती जागृति कश्यप जो कि काँगड़ा बैंक की निरमंड शाखा में सेवारत है बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अहम् भूमिका निभायी | उन्होंने अपने वक्तव्य से स्वयम सेवियों का मार्गदर्शन किया | उन्होंने बैंकों से जुडी हर जानकारी स्वयंसेवियों के साथ साझा की | उन्होंने स्वयसेवियों को अटल पेंशन योजना , सुरक्षा योजना , जीवन ज्योति योजना , के बारे में बताया | आज के इस कार्यक्रम में साइबर क्राइम से कैसे खुद को सुरक्षित रखें इस बारे में भी जानकारी दी गयी |

दिव्य हिमाचल


14/20




निरमंड। राजकीय महाविद्यालय निरमंड में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के शिविर के दूसरे दिन आज कांगड़ केंद्रीय सहकारी बैंक निरमंड शाखा की अधिकारी जागृति कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन् एनएसएस के कार्यक्रमाधिकारी राहुल शर्मा ने सम्मानित किया।उन्होंने इस दौरान एनएसएस के स्वयं सेवियों को सरका द्वारा चलाई जा रही बैंक की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व इन दिनों बैंक उपभोगताओं के बैंक खातों को लेकर चल र साईबर क्राइम को लेकर जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर सुरेंद्र धीमान ने भी स्वयं सेवियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। एनएसएस के अधिकारी राहुल शर्मा एवम् तमाम स्वयं सेवियों ने मुख्यातिथि जागृ कश्यप का यहां आने पर वह उन्हें बैंकिंग पर महत्वपूर्ण जानकारियां के लिए आभार व्यक्त किया।

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

आज दिंनाक 21 फरबरी2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिवर का तीसरा दिन था | जिसकी शुरुआत स्वयम सेवियों ने आज के विचार से की | आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्थनीय अस्पताल से डॉ. गीतान्जली आए थे , जिन्होंने स्व्यम्सेवियो को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया | अपने वक्तव्य के दोरान उन्होंने स्व्यमसेवियो को पोष्टिक आहार लेने को कहा| कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अधिकारी राहुल शर्मा ने मुख्य अथिथि का धन्यबाद करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया | लंच करने के बाद सभी स्वयंसेवीयों ने खेल परिसर के सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया|




Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

आज 22 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड के राष्ट्रिय सेवा योजना के विशेष शिविर का चोथा  दिवस था| जिसके शुरूआत आज के विचार से हुई | आज के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पुलिस थाना के कर्मचारी श्री टिका नन्द आए थे | जिन्होंने अपने वक्तव्य के दोरान स्वयम सेवियों को साइबर क्राइम, ट्रेफिक रूल,तथा पुलिस थाना के कार्यप्रणाली  के बारे में बताया| उन्होंने स्व्यम्सेवियो को FIR के बारे में भी बताया | अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया | लंच करने के बाद सभी स्वयम सेवियों ने खेल परिसर की सफाई की तथा क्यारिया बनाई| सभी स्व्यम्सेवियो ने राष्ट्रिय गान के साथ इस दिन का समापन किया |




Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

आज दिंनाक 23 फरवरी2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड के राष्ट्रिय सेवा योजना के विशेष शिविर का पांचवा दिवस था | जिसके शुरुआत स्वयम सेवियों ने आज के विचार से की | आज के मुख्यअतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रध्यापक प्रो. गौरव सूद और प्रियंका ठाकुर आए थे | उन्होंने अपने वक्तव्य के दोरान स्व्यम्सेवियो को communication तथा critical thinking के बारे में बताया | अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो . राहुल शर्मा ने मुख्यअतिथि को धन्यवाद केते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया | आज स्व्यम्सेवियो ने निरमंड में स्थित माता अम्बिका के मंदिर में सफाई की तथा स्न्च्छता का संदेश दिया | स्व्यम्सेवियो ने राष्ट्रिय गान के साथ इस दिवस का समापन किया |

## किसी को भी न बताएं पिन-ओटीपी

निरमंड। दूरदराज स्थित दलाश गांव में नाबार्ड के सौजन्य से कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की जाबन शाखा द्वारा एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बैंक की ओर से इस शिविर में विशेष रूप से बैंक कर्मी मंजीत कुमार उपस्थित रहे। उनकी अगवाई में ही इस शिविर का सफल संचालन किया गया। इस कैंप में उपस्थित जनसमूह को बैंक प्रतिनिधि मंजीत कुमार ने डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई सुविधा, एटीएम क्रेडिट/डेबिट कार्डों, मोबाइल बैंकिंग व बैंकों द्वारा प्रदत्त एसएमएस सुविधाओं के बारे व बैंक की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों से इन तमाम योजनाओं व सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाने को कहा।

## निरमंड कालेज के स्वयंसेवियों ने संवारा अंबिका माता मंदिर परिसर




निरमंड। राजकीय महाविद्यालय निरमंड में इन दिनों चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत स्वयंसेवियों ने आज के विचार के साथ की। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो: गौरव सूद और प्रियंका ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने इस दौरान अपने संबोधन में स्वयंसेवियों को कोमनिकेशन तथा क्रिटिकल थिंकिंग के बारे में बताया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने मुख्यातिथियों का शिविर में आने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्वयंसेवियों ने निरमंड के ऐतिहासिक एवं प्राचीन अंबिका माता मंदिर परिसर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

आज दिनाक 24 फरवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड के राष्ट्रिय सेवा योजना के विशेष शिविर का छठा दिन था | जिसकी शुरुआत स्व्यम्सेवियो ने आज के विचार से की | जिसमे कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने स्वयम सेवियों का मार्गदर्शन किया |आज स्वयं सेवियों ने "इलेक्शन अवेअर्नेस" के महत्व को बताने के लिए रेली निकली तथा जनसमान्य को" मतदान है जरूरी" का संदेश दिया | रेली महाविद्यालय से निरमंड बस स्टैंड तक निकली गयी जिसके दोरान स्व्यम्सेवियो ने रास्ते की सफाई की तथा स्वछता का संदेश दिया |राष्ट्रिय गान के साथ सभी स्व्यम्सेवियो ने इस दिवस का समापन किया |

## निरमंड कालेज की एनएसएस इकाई ने लोगों को बताया मतदान का महत्त्व



निरमंड। शनिवार को राजकीय महाविद्यालय निरमंड में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठे दिवस की शुरुआत स्वयंसेवियों ने विचार के साथ की, जिसमें एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। शनिवार को स्वयंसेवियों ने 'इलेक्शन अवेयरनेस' के महत्व को बताने के लिए रैली निकली तथा जनसमानस को 'मतदान है जरूरी' का संदेश दिया। रैली महाविद्यालय से निरमंड बस स्टैंड तक निकाली गई, जिसके दौरान स्वयंसेवियों ने रास्ते की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय गान के साथ सभी स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम का समापन किया

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.


आज दिंनाक 25 फरवरी2024 को राजकीय महाविद्यालय निरमंड के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिवर का अंतिम दिन था | जिसकी शुरुआत स्वयम सेवियों ने आज के विचार से की | आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया आई थी,जिन्होंने स्व्यम्सेवियो का मार्गदर्शन किया | आज शिविर के अंतिम दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो .राहुल शर्मा ने सप्तदिवसीय शिविर की रिपोर्ट पढ़ी, जिसमे उन्होने शिविर के दोरान किये गये कार्यो का वर्णन किया |अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो .राहुल शर्मा ने मुख्य अथिथि का धन्यबाद किया, तथा रट्रीय गान के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया |

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन

**रामपुर बुशहर (निस) :** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विधिवत रूप से महाविद्यालय की प्रिंसिपल राजन देवी नेगी द्वारा किया गया। बतौर मुख्यातिथि प्रधानाचार्य राजन नेगी ने एनएसएस के तमाम स्वयंसेवियों का महाविद्यालय की अन्य विभिन्न गतिविधियां को लेकर भी मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एनएसएस इकाई द्वारा सप्ताह भर में किए गए विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर के अंतिम दिन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राहुल शर्मा ने इस सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ कर मुख्यातिथि के समक्ष पेश की। अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने मुख्य अतिथि का इस कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया।

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P.

# निरमंड कालेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन




निरमंड। राजकीय महाविद्यालय निरमंड में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन विधिवत रूप से प्रिंसीपल राजन देवी नेगी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर प्रधानाचार्य राजन नेगी ने एनएसएस के तमाम स्वयंसेवियों का महाविद्यालय की अन्य विभिन्न गतिविधियां को लेकर भी मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एनएसएस इकाई द्वारा सप्ताह भर में किए गए विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर के अंतिम दिन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राहुल शर्मा ने इस सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ कर मुख्यातिथि के समक्ष पेश की

Principal
Govt. Degree College
Nirmand, Distt. Kullu H.P